तापमान
अधिकतम 42 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 7 जून 2026

4
तारापुर सुशासन तिहार शिविर में किसानों को मिला केसीसी





## खबर संक्षेप

### शादी का झांसा देकर शोषण, आरोपी हिरासत में

**रायगढ़।** पुलिस ने महिला संबंधी एक गंभीर मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी सलीम को हिरासत में लिया गया है। उस पर एक युवती ने शादी का झांसा देकर वर्षों तक शारीरिक शोषण करने और बाद में दूसरी महिला से विवाह करने का आरोप लगाया है। जानकारी के अनुसार खरसिया क्षेत्र की 28 वर्षीय युवती शुक्रवार को एसपी कार्यालय पहुंची और अपनी शिकायत दर्ज कराई। युवती ने बताया कि कोरोना काल के दौरान उसकी पहचान गाजियाबाद निवासी सलीम से हुई थी। उस समय सलीम खरसिया क्षेत्र में फेरी का काम करता था। दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं और आरोपी ने विवाह का वादा कर उसके साथ संबंध स्थापित किए। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी लगातार शादी का भरोसा देता रहा और इसी भरोसे पर वह उसके साथ संबंध में रही। इस दौरान सलीम उसे दिल्ली स्थित अपनी बहन के घर भी लेकर गया था। बाद में उसे जानकारी मिली कि आरोपी किसी अन्य महिला के संपर्क में है और उससे भी विवाह का वादा कर रहा है। कुछ समय बाद आरोपी द्वारा दूसरी महिला से मंदिर में विवाह किए जाने की जानकारी सामने आई। इसके बाद पीड़िता ने अपने साथ हुए कथित शोषण की शिकायत लेकर एसपी कार्यालय का रुख किया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपी सलीम के मोबाइल में कई अन्य महिलाओं के साथ बातचीत और चैटिंग के रिकॉर्ड मौजूद हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसएसपी शशि मोहन सिंह ने तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद कोतरारोड़ पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर खरसिया पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। मामले में वैधानिक कार्रवाई और जांच जारी है।

### मृतकों के वारिसों के लिए किया 4-4 लाख स्वीकृत

**सारंगढ़।** आपदा पीड़ितों को लगातार त्वरित सहायता दिया जा रहा है। इसी कड़ी में कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने जिले में प्राकृतिक आपदा से हुए मौत परए सभी मृतकों के वारिस के लिए राजस्व पुस्तक परिपत्र आरबीसी 6-4 के तहत चार लाख रूपये का आर्थिक सहायता स्वीकृत किया है। आपदा प्रकरण में पानी में डूबने से हुई मौत पर सरसीवा के मृतक अजय यादव के पिता फुलसाय, सारंगढ़ तहसील के छातादेई के मृतक रामप्रसाद बरिहा की पत्नी बरतमती ग्राम रेड़ा के मृतक राकेश उर्फ़ पिंटू की माता शांति खूंटे, ग्राम टाड़ीपार के मृतक शेरसिंह के पुत्र फूलसाय और सर्पदंश से मौत मामले में सारंगढ़ तहसील के ग्राम बासनपाली के मृतक संतोषी सिदार के पति सूरज सिदार को परिवार के लिए सयुंक्त रूप से कलेक्टर ने 4-4 लाख रूपए स्वीकृत किया है।

### मारपीट करने वाले तीन फरार आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जिले में फरार आरोपियों और वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन हंट के तहत कोतवाली पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने मार्च माह में रामनवमी शोभायात्रा के दौरान हुए मारपीट के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। जानकारी के अनुसार बैकुण्ठपुर महावीर चौक निवासी वैभव ठाकुर ने 28 मार्च को कोतवाली थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने बताया कि 27 मार्च को श्रीरामनवमी शोभायात्रा के दौरान गैलेक्सी मॉल के पास कुछ लोगों के बीच विवाद हो रहा था, जिसमें उसने बीच.बचाव किया था। इसी बात को लेकर देर रात दशरथ पान ठेला के पास शुभम भाठिया, विश्वास बैरागी, राकेश उर्फ गोलू महंत और सुनील दास महंत ने उसके साथ विवाद किया और मारपीट की। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान शुभम भाठिया ने हाथ के कड़े से हमला किया, जबकि अन्य आरोपियों ने लात.घूंसों से मारपीट की। घटना में वैभव ठाकुर को नाक, कंधे और हाथ में चोटें आई थीं। मामले में अपराध दर्ज कर पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। पहले विश्वास बैरागी को गिरफ्तार किया गया था। उसके बाद पुलिस ने सतवेंदर सिंह उर्फ शुभम भाठिया, राकेश उर्फ गोलू महंत और सुनील दास महंत को भी गिरफ्तार कर लिया।

## मोहलत खत्म होने के बाद घर के सामान बटोर रहे प्रभावित परिवार

# घर तो मिला, अब सता रही जोगीडीपा वासियों को रोजी-रोटी की चिंता

**छोटे-मोटे व्यवसाय और दूसरे के घरों में काम कर चला रहे थे खर्चा**

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

केनाल लिंक रोड निर्माण के लिए जोगीडीपा मोहल्ले के 30 परिवारों को जगह खाली करने के लिए दिया गया समय शनिवार को खत्म हो गया। ऐसे में प्रभावित परिवार अपने घर की तमाम वस्तुओं को बाहर निकालते नजर आए। मोहल्लेवासी लिंक रोड निर्माण में सहयोग करते हुए अपना मकान तो खाली कर रहे हैं, लेकिन अब उनके सामने सबसे बड़ी समस्या रोजी रोटी की है। विस्थापन के बदले प्रशासन उन्हें मकान तो उपलब्ध करा रहा है, लेकिन यहां से जाने के बाद रोजगार का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में प्रभावित परिवार बारिश के बाद विस्थापन की मांग भी कर रहे हैं। मोहल्ले में हर परिवार छोटे मोटे व्यवसाय कर अपने और अपने परिवार का भरण पोषण कर रहे थे, लेकिन दूसरे जगह शिफ्ट होने से यह व्यवसाय भी चौपट हो जाएगा। ऐसे में उनके सामने सबसे बड़ी समस्या रोजी रोटी की आने वाली है।

गौरतलब है कि केवड़ाबाड़ी से शनि मंदिर मार्ग को जोड़ने के लिए करीब 1 किलोमीटर की केनाल लिंक रोड का निर्माण 22 करोड़ 55 लाख रूपए की लागत से किया जाना है। यह लिंक रोड 18 मीटर चौथी होगी। इसके लिए जोगीडीपा मोहल्ले के 30 परिवारों को कब्जा खाली करने के लिए नोटिस भेजा गया था और शनिवार तक का समय उन्हें दिया गया था। बता दें कि पूर्व में 22 तारीख को नगर निगम द्वारा प्रभावितों को नोटिस जारी कर उनके द्वारा बनाये गये मकान दस्तावेज व नगर निगम से ली गई भवन अनुज्ञा यदि हो तो 29 मई तक जमा करने को कहा गया था। वहीं दस्तावेज नहीं होने की स्थिति में अतिक्रमण करना मानते हुए तोड़ फोड़ की कार्रवाई करने की बात कही गई थी। वहीं प्रभावितों ने महापौर व निगम आयुक्त से मिल कर सडक़ की चौड़ाई कम करने की मांग की थी ताकि उनका आशियाना बच सके। वहीं 29 मई की मियाद पूरी होने पर नगर निगम प्रशासन द्वारा प्रभावितों को दूसरी नोटिस जारी की गई है। मकान निर्माण संबंधित दस्तावेज प्रस्तुत करने समय दिया गया था परंतु निर्धारित समय में किसी प्रकार का वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया जा सका। वहीं नोटिस में कहा गया था कि अतिक्रमण कर किये गए निर्माण को 5 जून की शाम 5 बजे तक हटाना सुनिश्चित करने की बात कही गई थी। यही वजह है कि प्रभावित परिवार अब अपने मकान खाली कर रहे हैं।





### कहीं छूट न जाए बच्चों का स्कूल

मोहल्लेवासियों ने अपनी पीड़ा बयां करते हुए बताया कि कुछ ही दिनों में बारिश होने लगेगी, वहीं बच्चों का स्कूल थी शुरू हो जाएगा। यहां के अधिकांश बच्चे मोहल्ले स्थित शासकीय स्कूल में ही पढ़ते हैं, ऐसे में अचानक हुए इस विस्थापन से बच्चों की पढ़ाई भी प्रभावित होगी। उनको तो ऐसा भी लगने लगा है कि कहीं बच्चों का स्कूल ही न छूट जाए। दूसरी ओर मोहल्ले की ज्यादातर महिलाएं आस पास के दुकान या घरों में काम करती हैं, विस्थापन की वजह से उनका भी रोजगार सीधे तौर पर प्रभावित होगा। उनका कहना है कि वे रोज कमाने खाने वाले लोग हैं, कई घरों में बुजुर्ग भी हैं, जिनकी यहां छोटी दुकान आदि से जिससे वे अपना पालन पोषण करते हैं।


### मांग रहे मोहलत

मोहल्लेवासियों ने बारिश के मौसम को देखते हुए कुछ माह का समय मांगा है, वहीं दूसरी ओर इस अल्टीमेटम के खत्म होने के बाद नगर निगम का तोड़ दस्ता वहां पहुंचेगा और केनाल लिंक रोड के लिए शुरूआती प्रक्रियाओं को लेकर जमीनी स्तर पर कार्रवाई की जाएगी। जानकारी मिली है कि मोहल्ले वासी बारिश खत्म होने तक मोहलत मांग रहे हैं। इसके बाद खाली करने की बात कह रहे हैं, लेकिन निगम यह मोहलत देगा या नही यह जानकारी अभी नही मिल पा रही है।

### स्कूल में चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** खरसिया पुलिस ने शासकीय प्राथमिक एवं मिडिल स्कूल हमालपारा में हुई चोरी की घटना का 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का सामान और नकदी भी बरामद की है। प्रधान पाठक रिखीराम बिरहे ने पुलिस को शिकायत दी थी कि विद्यालय के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ है। जांच करने पर प्राथमिक स्कूल से 8 सिलिंग फैन, 1 एग्जॉस्ट फैन, 1 ब्लूटूथ स्पीकर और 50 किलो चावल चोरी होना पाया गया। वहीं मिडिल स्कूल से भी 8 सिलिंग फैन गायब मिले। मामले की गंभीरता को देखते हुए चौकी प्रभारी त्रिनाथ त्रिपाठी ने जांच शुरू की। पुलिस ने महेश देवांगन 19 निवासी हमालपारा तलाबपार खरसिया और धरमपाल कुर्रे 23 वर्षए निवासी हमालपारा तलाबपार खरसिया को हिरासत में लिया। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्कूल में चोरी करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने महेश देवांगन के कब्जे से एक सिलिंग फैन और 200 रुपए तथा धरमपाल कुर्रे के कब्जे से एक सिलिंग फैन और 200 रुपए नगद बरामद किए हैं। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

## बारिश के पहले निगम कर रहा केलो नदी की सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर की जीवनदायिनी केलो नदी की स्वच्छता, जल प्रवाह को सुचारू बनाए रखने तथा मानसून पूर्व तैयारियों को मजबूत करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत केलो नदी में दो बड़े चैन माउंटेन पोकलेन मशीनों को उतारा गया है, जिनकी सहायता से नदी में जमा गाद, झाड़ियां, जलकुंभी, कचरा और अन्य अवरोधों को हटाने का कार्य तेजी से किया जा रहा है।

वर्तमान में निर्माणाधीन नालंदा परिसर के पास स्थित दोनों ओर के मरीन ड्राइव के नीचे नदी क्षेत्र में सफाई कार्य किया जा रहा है। नदी के दोनों किनारों एवं जल प्रवाह वाले हिस्सों में मशीनों के माध्यम से लंबे समय से जमा अवशेषों को हटाकर पानी के बहाव को बेहतर बनाने का प्रयास किया जा रहा है। नगर निगम द्वारा मानसून को ध्यान में रखते हुए नदी के उन हिस्सों को प्राथमिकता दी जा रही है, जहां जल प्रवाह प्रभावित होने की संभावना अधिक रहती है। सफाई कार्य से बरसात के दौरान जलभराव की स्थिति कम होगी तथा नदी का प्राकृतिक प्रवाह बनाए रखने में मदद मिलेगी। इसके साथ ही नदी तटों की स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। कमिश्नर श्री बृजेश सिंह क्षत्रिय ने कहा कि मानसून पूर्व सभी आवश्यक तैयारियां प्राथमिकता के आधार पर की जा रही हैं। केलो नदी शहर की महत्वपूर्ण जलधारा है और इसके निर्बाध प्रवाह को बनाए रखना निगम की प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि मशीनों के माध्यम से तेज गति से सफाई कर नदी में जमा गाद और अवरोधों को हटाया जा रहा हैए ताकि बारिश के दौरान जल निकासी प्रभावित न हो। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सफाई कार्य की सतत मॉनिटरिंग करते हुए निर्धारित समय सीमा में कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए। कमिश्नर श्री क्षत्रिय ने नदी में प्लास्टिकए कचरा एवं अन्य अपशिष्ट सामग्री नहीं डालने तथा स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करने शहरवासियों से अपील की है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ नदी और स्वच्छ पर्यावरण के लिए प्रशासनिक पहल के साथ जनसहभागिता की भी सबसे ज्यादा आवश्यकता रहती जितनी। नगर निगम द्वारा आगामी दिनों में भी केलो नदी के अन्य हिस्सों में चरणबद्ध तरीके से सफाई अभियान जारी रखा जाएगा।

# दीगर प्रांतों में हुई हाथियों की मौत की एनालिसिस एक्यूट हेपेटाइटिस, बैक्टेरियल को माना जा रहा कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



हाल में ही धरमजयगढ व रायगढ वन मंडल के अलग अलग रेंज में हाथी शावकों की लगातार हो रही मौत के कारण को जानने और मृत्यु के बाद शव परीक्षण की वैज्ञानिक पद्धति को लेकर आयोजित कार्यशाला के बीच शावकों के मौत की वजह भी सामने आई। वन अधिकारियों के मुताबिक इन शावकों की मौत एक्यूट हेपेटाइटिस , बैक्टेरियल सैप्टिसेमिया और बैक्टेरियल ऑरिजिन को माना जा रहा है। शव परीक्षण के दौरान बरेली और जबलपुर भेजे गए सैंपल से इसकी पुष्टि हुई है। यहां आयोजित कार्यशाला में इसको लेकर भी मंथन किया गया और इस बीमारी से हाथियों तथा उनके शावकों को बचाने व रोकथाम को लेकर भी कई जानकारियां वैज्ञानिक व विशेषज्ञों ने वन अधिकारी व कर्मचारियों को दी।

ज्ञात हो कि जनवरी से लेकर मई माह तक एक के बाद एक 9 हाथी हाथी शावकों की मौत हो चुकी है। ऐसे में लगातार हो रही शावकों की मौत की वजह जानने के लिए ही लर्निंग फ्रॉम डेडः ऐसन्शियल ऑफ मॉर्टिलिटी इन्वेस्टिगेशन ऑफ एशियन एलिफेंट्स के विषय पर यहां दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन किया। जिसमें मुख्य रूप से हाथी शावकों की मौत किन वजह से हो रही है और इसकी रोकथाम के लिए उपाए क्या है। वहीं यदि किसी वन्य प्राणी का शव मिलता तो ऐसी स्थिति में उसका वैज्ञानिक तरीके से किस तरह परीक्षण करना है, सैपल एकत्र करने के तरीके क्या होंगे, किन बातों का ध्यान रखना है आदि तथ्यों को लेकर भारतीय वन्यजीव संस्थान देहरादून, भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान बरेली और जबलपुर से आए वैज्ञानिक और विशेषज्ञों ने इसकी विस्तृत जानकारी दी। इस दौरान स्थानीय स्तर के अधिकारी व कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया गया। साथ ही मौत के कारणों को जानने की वैज्ञानिक प्रक्रिया और रोकथाम के उपाए भी सिखाए गए। कार्यशाला में देश के अलग अलग राज्यों में हाथी व शावकों की मौत के बाद एकत्र किए गए सैंपल सहित शव के अवशेषों को डिजीटल बोर्ड में प्रदर्शित करते हुए बारिकी से शव परीक्षण करने की प्रक्रिया को भी बताया गया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य शव परीक्षण, जैविक नमूनों का संग्रह, रोगों की पहचान, फॉरेंसिक विश्लेषण तथा स्वास्थ्य निगरानी जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर वन अधिकारी व कर्मचारियों को व्यवहारिक जानकारी देना था, ताकि वे मौके पर पहुंच वैज्ञानिक पद्धति का उपयोग करते हुए इस प्रक्रिया को बेहतर रूप से निष्पादित किया जा सके।

### इस तरह की होती है यह बीमारी

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बैक्टेरियल सेप्टीसेमिया एक घातक रक्त संक्रमण है, जो जो बिस्गार्ड टैक्सॉन 45, पेस्टुरेला का करीबी या पेस्टुरेला मल्टीओसिडा जैसे बैक्टीरिया से होता है। यह संक्रमण हाथी सहित आमतौर पर मवेशियों या जंगली भैंसों द्वारा दूषित किए गए पानी के स्रोतों से होता हैं। यह संक्रमण अक्सर मानसून के आसपास या सूखे के दौरान तनावग्रस्त परिस्थितियों में तेजी से फैलता है। इसके मुख्य लक्षण उच्च बुखार, अत्यधिक लार आना, नाक से स्राव और तेजी से आंतरिक रक्तस्राव होता है, जिसके परिणामस्वरूप 24 से 36 घंटे के भीतर अचानक मृत्यु हो सकती है। वहीं एक्यूट हेपेटाइटिस में लीवर की सूजन और संक्रमण होता है। हाथियों में यह स्थिति अकेले या बैक्टीरिया जनित फोड़ों के कारण हो सकती है, जो अक्सर गंभीर बैक्टीरियल संक्रमण का हिस्सा होती है।

### वनमंत्री केदार कश्यप भी वर्चुअली हुए शामिल

इस कार्यशाला में वन मंत्री केदार कश्यप भी वर्चुअली शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ आज देश के प्रमुख हाथी आवास क्षेत्रों में शामिल हो चुका है। बीते चार वर्षों में राज्य में हाथियों की संख्या लगभग दोगुनी हुई है, जो संरक्षण प्रयासों की सफलता का संकेत है। हाथियों का विचरण अब सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, धरमजयगढ़, सूरजपुर और कोरबा से आगे बढ़कर प्रदेश के अन्य हिस्सों तक भी पहुंच रहा है। वन मंत्री ने कहा कि हाथियों की बढ़ती संख्या के साथ मानव-हाथी संघर्ष की चुनौतियां भी सामने आई हैं।

## परिवार को जान से मारने की धमकी देकर नाबालिग से दुष्कर्म

**रायगढ़।** महिला थाने में 15 वर्षीय नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में अभिनेश चौहान 26 को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पीड़िता की मां ने पुलिस को बताया कि 2 जून की रात परिवार के सभी सदस्य घर में सो रहे थे। देर रात जब उनकी नींद खुली तो उनकी बेटी घर में नहीं थी। परिवार के लोगों ने आसपास उसकी तलाश की लेकिन कोई जानकारी नहीं मिली। अगले दिन बालिका अभिनेश चौहान के घर पर मिली। पूछताछ के दौरान बालिका ने बताया कि आरोपी उसे जबरन अपने घर ले गया था। वहां उसने अपने कमरे में उसके साथ दुष्कर्म किया। विरोध करने पर आरोपी ने परिवार वालों को जान से मारने की धमकी भी दी।

## अवैध रेत खनन पर छापा, पोकलेन मशीन जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

खनिज विभाग की टीम ने बड़े डूमरपाली में अवैध रेत उत्खनन के मामले में कार्रवाई करते हुए एक चैन माउंटेड पोकलेन मशीन जब्त कर सील कर दी। जानकारी के अनुसार बड़े डूमरपाली निवासी यशवंत डडसेना द्वारा चैन माउंटेड मशीन से अवैध रूप से रेत उत्खनन और परिवहन किए जाने की शिकायत प्राप्त हुई थी। शिकायत के आधार पर खनि निरीक्षक और खनिज उड़नदस्ता दल ने ग्राम बड़े डूमरपाली में दबिश दी। जांच के दौरान अवैध रेत उत्खनन में लगी एक पोकलेन मशीन पकड़ी गई, जिसे मौके पर ही जब्त कर सील कर दिया गया। जब्त मशीन को ग्राम सरपंच की सुपुर्दगी में रखा गया है। वाहन मालिक के खिलाफ छत्तीसगढ़ गौण खनिज नियम 2015 के नियम 71 तथा खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 की धारा 21 एवं 23, क के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। विभाग द्वारा आगे दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

## किसान बनकर व्यापारी की दुकान पहुंचे कृषि अधिकारी, खाद की कालाबाजारी का किया भंडाफोड़

# 750 की खाद 1800 में बेच रहा था व्यापारी, 74 बोरी खाद, गोदाम सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

किसानों को उचित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन ने कालाबाजारी करने वालों के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा जिले में लगातार निगरानी और औचक निरीक्षण किए जा रहे हैं। इसी क्रम में शनिवार को लैलूंगा विकासखंड में उप संचालक कृषि खुद किसान बनकर खाद खरीदने पहुंचे और मौके पर ही किसानों से की जा रही खुली लूट का पर्दाफाश कर दिया।

जांच के दौरान पता चला कि सिंगल सुपर फॉस्फेट खादए जिसकी वास्तविक कीमत करीब 750 रुपए प्रति बोरी है उसे किसानों को 1800 रुपये प्रति बोरी की दर से बेचा जा रहा था। यानी प्रत्येक बोरी पर किसानों से एक हजार रुपये से अधिक की अतिरिक्त वसूली की जा रही थी।



शिकायत की पुष्टि होते ही प्रशासन ने तत्काल कार्रवाई करते हुए संबंधित गोदाम को सील कर दिया और वहां रखी 74 बोरी खाद को जब्त कर लिया। यह कार्रवाई लैलूंगा स्थित मां दुर्गा ट्रेडर्स में की गई। जांच में अनियमितता पाए जाने पर दुकान के खाद विक्रय पर 10 दिनों का प्रतिबंध लगा दिया गया है। साथ ही संचालक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया गया है।

### किसानों के हितों से खिलवाड़ नहीं होगा बर्दाश्त

कलेक्टर ने खरीफ सीजन को देखते हुए कृषि विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिले में कहीं भी खाद की कृत्रिम कमी नहीं होने दी जाए। किसानों को निर्धारित दर पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा है कि कालाबाजारी, जमाखोरी और अधिक मूल्य वसूली जैसी गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिलेभर में खाद वितरण व्यवस्था पर लगातार नजर रखी जा रही है। जिला प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि किसानों को खाद के लिए भटकना न पड़े और किसी भी व्यापारी द्वारा उनकी मजबूरी का फायदा न उठाया जाए।

### आगे भी जारी रहेगा सघन जांच अभियान

उप संचालक कृषि ने बताया कि यह अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। जिले के विभिन्न विकासखंडों में औचक निरीक्षण कर खाद, बीज और अन्य कृषि आदानों के भंडारण एवं विक्रय की जांच की जाएगी। यदि कोई विक्रेता निर्धारित मूल्य से अधिक राशि वसूलते हुए पाया जाता है या कृत्रिम अभाव पैदा करता है तो उसके विरुद्ध तत्काल कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई के दौरान उर्वरक निरीक्षक पवन उरांव, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी फुलेश्वर पैकरा सहित कृषि विभाग का अमला मौजूद रहा। जिला प्रशासन ने किसानों से भी अपील की है कि यदि कहीं खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी या अधिक मूल्य वसूली की जानकारी मिले तो तत्काल इसकी सूचना प्रशासन को देंए ताकि दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा सके।

खबर संक्षेप

## आंगनबाड़ी सहायिका भर्ती: 15 तक कर सकेंगे दावा-आपत्ति

**रायगढ़।** एकीकृत बाल विकास परियोजना रायगढ़ शहरी अंतर्गत आंगनबाड़ी केन्द्र हनुमाननगर, वार्ड क्रमांक.28 में आंगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पद की भर्ती प्रक्रिया के तहत प्राविधिक अनंतिम मूल्यांकन पत्रक जारी कर दिया गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा जारी सूचना के अनुसार अभ्यर्थी विभाग के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अपने मूल्यांकन संबंधी दावा अथवा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। दावा.आपत्ति दर्ज करने की प्रक्रिया 6 से 15 जून तक ऑनलाइन उपलब्ध रहेगी। निर्धारित अवधि के भीतर प्राप्त दावा.आपत्तियों पर ही विचार किया जाएगा।

## आईटीआई, बोईरदादर में रोजगार मेला कल

**रायगढ़।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र द्वारा 8 जून को प्रातः 10 बजे से शासकीय आईटीआई, बोईरदादर में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। रोजगार मेले के माध्यम से निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में नालवा स्पेशल स्टील लिमिटेड द्वारा ईओटी ऑपरेटर, गैस कटर, ग्राइंडरमैन, फिटर एवं वेल्डर पदों पर भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए संबंधित ट्रेड में आईटीआई उत्तीर्ण पुरुष अभ्यर्थी पात्र होंगे। प्रत्येक पद के लिए 4-4 रिक्तियां उपलब्ध हैं तथा चयनित अभ्यर्थियों को 12,500 रुपए प्रतिमाह वेतन प्रदान किया जाएगा। इसी प्रकार बजरंग मोटर्स प्राइवेट लिमिटेड द्वारा मैकेनिक हेल्परए डेंटर हेल्पर एवं हाउसकीपिंग पदों के लिए भर्ती की जाएगी। मैकेनिक हेल्पर पद हेतु डीजल मैकेनिक ट्रेड में आईटीआई, डेंटर हेल्पर पद हेतु फिटर ट्रेड में आईटीआई तथा हाउसकीपिंग पद हेतु 10वीं उत्तीर्ण अभ्यर्थी पात्र होंगे।

## खाद्य एवं औषधि प्रशासन का विशेष जांच अभियान जारी

**रायगढ़।** जिले में उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण औषधियां एवं प्रसाधन सामग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा विशेष जांच अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत 4 एवं 5 जून को जिले के विभिन्न औषधि एवं कॉस्मेटिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर आवश्यक जांच एवं नमूना संग्रहण की कार्रवाई की गई। विशेष अभियान के प्रथम दिवस 4 जून को एई इंटरप्राइजेज, ज्योति स्टोर, विष्णु जनरल स्टोरए, श्रृंगारिका तथा डिवाइन ब्यूटी प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान खरीद.बिक्री संबंधी अभिलेखों, कॉस्मेटिक उत्पादों की वैधता अवधि, भंडारण व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की गई। अधिकारियों द्वारा कॉस्मेटिक उत्पादों की गुणवत्ता एवं नियमानुसार उपलब्धता का भी परीक्षण किया गया। अभियान के द्वितीय दिवस 5 जून को किरोड़ीमल शासकीय अस्पताल, सीएचसी लोईंग एवं पुसौर में औषधियों के नमूने एकत्रित कर रासायनिक विश्लेषण एवं गुणवत्ता परीक्षण हेतु भेजे गए। विभागीय अधिकारियों ने औषधियों के सुरक्षित भंडारण, रिकॉर्ड संधारण तथा नियमानुसार संचालन संबंधी बिंदुओं की भी जांच की।

## म्यूल अकाउंट संचालित करने वाले 3 गिरफ्तार, गए जेल

**अम्बिकापुर।** पैसे देने का लालच देकर युवकों के नाम नया सिम खरीदने एवं बैंक खाता एटीएम जारी करा छलपूर्वक बड़ी रकम का लेन-देन करने के मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा है। गांधीनगर पुलिस ने राहुल गुप्ता आ.राजेश गुप्ता द्वारा गांधीनगर क्षेत्र में युवकों को आर्थिक लाभ देकर उनके नाम से सिम खरीदवाने एवं बैंक में खाता खुलवाने एवं चेकबुक के माध्यम से बड़ी रकम के लेनदेन करने के मामले में पुलिस आरोपी को बीएनएस की धारा 318(4), 317(4) एवं 62(2) के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा है। मामले में पुलिस ने आरोपी राहुल गुप्ता के अतिरिक्त 10 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने राहुल गुप्ता के कब्जे से डिगमा निवासी नीरज गुप्ता पिता राजेश गुप्ता के नाम का एसबीआई, सेंट्रल बैंक एवं युको बैंक का पासबुक जब्त किया था जिसमें बड़ी राशि का लेनदेन एवं सायबर ठगी करने के साक्ष्य मिले थे।

### हरित महाअभियान में रायमुनी ने किया पौधारोपण

# पौधरोपण पर्यावरण के साथ मानव जीवन के लिए भी जरुरी: भगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



- पर्यावरण संरक्षण और वन संवर्धन का दिया संदेश

विश्व पर्यावरण दिवस पर जशपुर वनमंडल अंतर्गत वन परिक्षेत्र जशपुर, सन्ना सहित जिले के सभी वन परिक्षेत्रों में पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण वृद्धि एवं जनजागरूकता के उद्देश्य से व्यापक वृक्षारोपण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, वन अधिकारियों, विद्यार्थियों एवं ग्रामीणजनों ने पौधारोपण कर हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प लिया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक जशपुर श्रीमती रायमुनी भगत ने वन परिक्षेत्र जशपुर एवं सन्ना में सीता अशोक, लक्ष्मीतरु, टिकोमा एवं झारुल जैसे औषधीय, छायादार एवं फूलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन के लिए ही नहीं, बल्कि मानव जीवन, जल संरक्षण और जैव विविधता के संरक्षण के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने उपस्थित जनसमुदाय से अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण की जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर वनमंडलाधिकारी जशपुर शशि कुमार ने विश्व पर्यावरण दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण को केवल एक दिवस तक सीमित नहीं रखा जाना चाहिए, बल्कि इसे जनसहभागिता के माध्यम से सतत अभियान का स्वरूप दिया जाना आवश्यक है। उन्होंने वन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न हरित पहल, वृक्षारोपण कार्यक्रमों तथा वन संरक्षण गतिविधियों की जानकारी भी दी। कार्यक्रम के दौरान पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने, प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण तथा जैव विविधता संवर्धन के संबंध में उपस्थित जनप्रतिनिधियों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों को जागरूक किया गया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते तापमान, जल संकट और पर्यावरणीय चुनौतियों से निपटने के लिए वृक्षारोपण सबसे प्रभावी उपायों में से एक है। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर जशपुर वनमंडल के सभी वन परिक्षेत्रों में फलदार, छायादार एवं स्थानीय प्रजातियों के पौधों का व्यापक स्तर पर रोपण किया गया।

## कांग्रेस कर रही है ओपी के विकास से तनाव में हार की हताशा में पर्यावरण की नौटंकी : दीवान



**रायगढ़।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा 5 जून पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण विभाग के घेराव की घोषणा पर जिला भाजपा अध्यक्ष अरुण धर दीवान ने पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस बढ़ते प्रदूषण और बढ़ते बीमारियों से नहीं, बल्कि अपनी हार और ओपी चौधरी के विकास कार्यों को देखकर मानसिक तनाव में है। तनावग्रस्त अवस्था की वजह से कांग्रेस को हर तरफ हताशा और बौखलाहट नजर आ रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को आज किसी भी मुद्दे पर जनता का साथ नहीं मिल रहा। कुछ अवसरवादियों का समूह निज स्वार्थ के लिए विकास के विरोध की राजनीति कर रहा है। ताकि विरोध की आड़ में राजनैतिक स्वार्थ की रोटी सेक सके। कांग्रेस का काला इतिहास बताते हुए दीवान ने कहा कि सत्ता रहते कांग्रेस के मुख्यमंत्री रहे अजीत जोगी ने स्थानीय उद्योग के हाथों जंगल, जमीन, पानी सब कुछ गिरवी रख दिया। उद्योगों का विकास तो हुआ, लेकिन आम जनता के लिए परेशानी छोड़ गया। भूपेश सरकार ने लगातार एमओयू किया ताकि 10 जनपथ द्वारा दिया गया वसूली का टारगेट पूरा हो और भूपेश की कुर्सी सलामत रहे। 5 साल में भूपेश सरकार के विधायक शहर सरकार विकास की एक ईंट नहीं रख पाई।दीवान ने ओपी के ढाई सालों का हिसाब देते हुए कांग्रेस के पांच सालो का हिसाब मांगा है।

## प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थियों को किया गया सम्मानित, पौधे भी लगाए



**रायगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के पूर्व जिंदल पावर तमनार द्वारा स्कूल स्तर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को पर्यावरण दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। जिंदल थर्मल पावर प्लांट तमनार द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 25 से 30 मई के बीच ईएमडी डिपार्टमेंट द्वारा क्षेत्र के विभिन्न स्कूलों में पोस्टरए स्लोगन व निबंध प्रतियोगिताओं का आयोजन प्राईमरी से लेकर हाई व हायर सेकंडरी स्कूल तक के विद्यार्थियों के लिए किया गया। इस प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। निर्णायकों से मिले निर्णय के बाद विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कृत करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन सलिहाभांठा के गोठान में किया गया। विजेता विद्यार्थियों को ग्रुप सेफ्टी हेड सौरभ रावत के मुख्य आतिथ्य एजीएम ईएमडी शिवेंद्र करवारिया, मैनेजर सीएसआर शीतल पटेल की उपस्थिति में पुरस्कृत किया गया। इसके बाद सलिहाभांठा के गोठान में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर सीएसआर से प्रफुल्ल सतपथी, आनंद पंडा, अमित चौधरी, बीएल साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## विश्व पर्यावरण दिवस पर डॉ बीएसपी कॉलेज में किया गया पौध रोपण




**घरघोड़ा।** शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ से संबद्ध डॉ भंवर सिंह पोर्ते कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय घरघोड़ा में डॉ रविंद्र चौबे कार्यक्रम समन्वयक ;शहीद नंद कुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़द्ध एवं भोजराम पटेल जिला संगठन शहीद नंदकुमार पटेल विश्वविद्यालय रायगढ़ के निर्देशन तथा महाविद्यालय शासी निकाय समिति के अध्यक्ष अरूण कुमार पंडा जी के संरक्षण में एवं संस्था के प्राचार्य डॉ जगदीश तिर्की के मार्गदर्शन एवं एसण एलण साहू ;कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के कुशल नेतृत्व में आज 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस पर महाविद्यालय परिसर में पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अगली कड़ी में संस्था के प्राचार्य एवं कार्यक्रम अधिकारी रासेयो ने सभी छात्रों को संबोधित करते हुए कहे कि आज पूरा विश्व जिस तरह से ग्लोबल वार्मिंग से जूझ रहा है ये सभी को ज्ञात है। आज हमारा पर्यावरण गर्म एवं प्रदूषित हो रहा है ऐसे में आज हम सबकी जिम्मेदारी है की एक. एक पेड़ अवश्य लगाएं। आइए आज हम सभी संकल्प ले की पौध रोपण से लेकर संवर्धन एवं सरक्षण तक का। यह महाविद्यालय प्रारंभ से ही पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपने दायित्व का अच्छा से निर्वहन कर रहा है और सभी को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता का संदेश देते हुए प्राचार्य डॉ जगदीश तिर्की एवं एसएल साहू कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के कर कमलों से पौध रोपण किया गया जिसमें आज हमारे महाविद्यालय के सहा. प्राध.अजय कुमार मिश्रा सर का जन्म दिन पर महाविद्यालय परिसर में लीची एवं अमरूद, कटहल आदि के पौधे रोपित उनके द्वारा किया गया। सभी को अपने जन्मदिन एवं अपने माता पिता के नाम से अवश्य ही एक पौधा रोपित करने के लिए प्रेरित किए।

## लुड़ेग तमता मण्डल के कार्यकर्ताओं ने रोपे पौधे

**जशपुरनगर।** भारतीय जनता पार्टी लुड़ेग तमता मण्डल द्वारा शुक्रवार को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कुड़केल खजरी में ₹एक पेड़ माँ के नाम₹ कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस विशेष अभियान के अंतर्गत गणेश मंदिर एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर प्रांगण के चारों तरफ दर्जनों की संख्या में आम, लीची सहित विभिन्न प्रकार के फलदार और छायादार पौधे रोपे गए।

## जिले की ग्राम पंचायतों में लगी विशेष ग्राम सभाएं



**रायगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रायगढ़ जिले की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभाओं का आयोजन किया गया।

कलेक्टर के निर्देशानुसार एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिजीत बबन पठारे के मार्गदर्शन में आयोजित इन ग्राम सभाओं का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर लोगों को जागरूक करना रहा। विशेष ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एसडब्ल्यूएम नियम 2026 के प्रावधानों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। अधिकारियों एवं पंचायत प्रतिनिधियों ने बताया कि ठोस अपशिष्टों का वैज्ञानिक तरीके से प्रबंधन करना वर्तमान समय की महत्वपूर्ण आवश्यकता है। इसके माध्यम से न केवल गांवों को स्वच्छ बनाया जा सकता है, बल्कि पर्यावरण प्रदूषण को भी प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सकता है।

ग्राम सभाओं में घरेलू कचरे के पृथक्करण, जैविक एवं अजैविक अपशिष्टों के अलग.अलग संग्रहण, प्लास्टिक अपशिष्ट के सुरक्षित निपटान तथा स्वच्छता गतिविधियों में जनसहभागिता की आवश्यकता पर विशेष चर्चा की गई। ग्रामीणों को बताया गया कि स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण के निर्माण में प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण है।

## मदनपुर में क्रिकेट प्रतियोगिता का आगाज़, महेश ने किया शुभारंभ



**खरसिया।** खेल न केवल शारीरिक विकास का माध्यम हैं, बल्कि यह युवाओं में अनुशासन और टीम भावना का भी संचार करते हैं। इसी खेल भावना को बढ़ावा देने के लिए खरसिया क्षेत्र के ग्राम मदनपुर में स्थानीय युवाओं द्वारा क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का विधिवत और गरिमामय शुभारंभ मुख्य अतिथि खरसिया क्षेत्र के महेश साहू द्वारा पूजा अर्चना किया गया। साथ में अन्य अतिथि गण छोटू गवेल, कैलाश शर्मा, हितेश सोनू द्विवेदी, मोहन गवेल, मोहन केवट एवं अन्य साथियों सहित इस भव्य आयोजन में क्षेत्र की अनेक प्रतिष्ठित टीमें हिस्सा ले रही हैं।

प्रतियोगिता का उद्घाटन मैच ग्राम हालाहुली और छोटे देवगांव के बीच खेला गया, जिसमें दोनों ही टीमों के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि महेश साहू ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका उत्साहवर्धन किया। युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा खेल हमें जीवन में संघर्ष करने और विपरीत परिस्थितियों में भी एकजुट रहकर आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। ग्रामीण अंचलों में ऐसी प्रतियोगिताओं के आयोजन से छिपी हुई खेल प्रतिभाओं को एक बेहतरीन मंच मिलता है। हमारी दिली इच्छा है कि आप सभी इस देश का बड़ा खिलाड़ी बने और हम उसके आगमन पर ढोल तासे और गाजे बाजे फूल मालाओं के साथ उनका स्वागत और सम्मान करें। यह प्रतिभा आप में जरूर है इसकी मुझे अपेक्षा है।

## सुशासन तिहार में सरपंच ने की शिकायत, मिली जान से मारने की धमकी, फिर हुआ हमला



**चंद्रपुर।** नगर से लगे चंद्रपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत पलसदा में एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने ग्रामीण राजनीति और प्रशासनिक व्यवस्था दोनों को कटघरे में खड़ा कर दिया है। ग्राम पंचायत पलसदा के निर्वाचित सरपंच प्रेमलाल पटेल ने गांव के चार लोगों पर गंभीर आरोप लगाते हुए चंद्रपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर सुशासन तिहार में की गई शिकायत से नाराज होकर पहले उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई और फिर अगले ही दिन पंचायत भवन के सामने घेरकर मारपीट की गई। घटना सामने आने के बाद पूरे क्षेत्र में चर्चाओं का बाजार गर्म है। ग्रामीणों के बीच यह सवाल उठ रहा है कि आखिर सुशासन तिहार में शिकायत करने का अधिकार रखने वाले लोगों के बीच ऐसा कौन सा विवाद खड़ा हो गया कि मामला धमकी और मारपीट तक पहुंच गया। एफआईआर में दर्ज शिकायत के अनुसार 4 जून की शाम लगभग 5 बजे ग्राम बिरहाभांठा निवासी सीताराम मालाकार और खीरसागर यादव सरपंच प्रेमलाल पटेल के घर पहुंचे। आरोप है कि दोनों ने प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में गोपालपुर में आयोजित सुशासन तिहार में की गई शिकायत का जिक्र करते हुए सरपंच को धमकाया। शिकायतकर्ता का कहना है कि दोनों ने आक्रामक लहजे में बात करते हुए उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उस दौरान उनकी पत्नी संकुलता पटेल भी मौके पर मौजूद थीं और उन्होंने पूरी घटना देखी एवं सुनी। सरपंच का कहना है कि धमकी से वह इतने भयभीत हो गए कि तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दे सके।

### पंचायत भवन के सामने हुआ विवाद

वही सरपंच पटेल ने बताया कि अगले ही दिन 5 जून की सुबह लगभग 9 बजे जब सरपंच प्रेमलाल पटेल पंचायत भवन की ओर जा रहे थे। तभी पंचायत भवन के सामने ग्राम बिरहाभांठा के धीरेन्द्र यादव, सीताराम मालाकार, खीरसागर यादव एवं प्रेमकिशोर मालाकार एक साथ पहुंचे। आरोप है कि चारों ने मिलकर पहले अश्लील और अभद्र गालियां देना शुरू किया। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि मामला हाथापाई तक पहुंच गया। विवाद के दौरान धीरेन्द्र यादव ने सरपंच पटेल के चेहरे पर हाथ.मुक्कों से हमला कर दिया। हमले में उनके बाएं गाल, मुंह और दांत में अंदरूनी चोटें आईं। घटनाक्रम ने ग्राम पंचायत पालसदा की गरिमा और जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा को लेकर भी सवाल खड़े कर दिए हैं।

### कार्रवाई की जाएगी

सरपंच प्रेमलाल पटेल की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है। दोनों पक्षों के बयान एवं उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

-जितेंद्र कौशले, थाना प्रभारी चंद्रपुर

### आरोग्य अमृत अवलेह और जशक्राफ्ट ब्रांड की प्रदर्शनी बनी आकर्षण का केंद्र

# जशपुर वनोपज व हस्तशिल्प उत्पादों ने बटोरी सराहना



**जशपुरनगर।** जशपुर वनमण्डल द्वारा स्थानीय वनोपज एवं पारंपरिक संसाधनों से तैयार किए जा रहे उत्पाद अपनी उत्कृष्ट गुणवत्ता, आकर्षक डिजाइन और उपयोगिता के कारण लगातार पहचान बना रहे हैं।

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून को रायपुर के राजीव स्मृति वन, वी.आई.पी. रोड में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में जशपुर वनमण्डल द्वारा तैयार वनोपज आधारित उत्पादों एवं पारंपरिक हस्तशिल्प सामग्री की प्रदर्शनी ने आगंतुकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम में जशपुर वनमण्डल अंतर्गत महिला स्व-सहायता समूहों द्वारा निर्मित ₹आरोग्य अमृत अवलेह₹ तथा ₹जशक्राफ्टर₹ ब्रांड के उत्पादों की आकर्षक प्रदर्शनी लगाई गई। प्रदर्शनी को जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ अधिकारियों, पर्यावरण प्रेमियों एवं आम नागरिकों से भरपूर सराहना मिली।इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वन मंत्री केदार कश्यप, पूर्व मंत्री रामसेवक पैंकरा, अपर मुख्य सचिव मनोज पिंगुआ, प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख अरुण पाण्डेय, राज्य औषधीय पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष अन्जय शुक्ला, पद्मश्री सम्मानित जगेश्वर यादव, पांडी राम मंडावी तथा डॉ. रामचंद्र गोडबोले सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, स्व-सहायता समूहों की महिलाएं एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। प्रदर्शनी में ₹जशक्राफ्टर₹ के अंतर्गत छिंदघास एवं बाँस से निर्मित विभिन्न हस्तशिल्प उत्पादों का प्रदर्शन किया गया। इनमें झुमके, मालाएं, सजावटी सामग्री एवं अन्य कलात्मक वस्तुएं शामिल थीं। स्थानीय संसाधनों से तैयार इन उत्पादों की आकर्षक बनावट, उत्कृष्ट शिल्पकला और पर्यावरण अनुकूल निर्माण प्रक्रिया ने दर्शकों को विशेष रूप से प्रभावित किया। लोगों ने बड़ी संख्या में स्टॉल का अवलोकन कर महिला समूहों की सृजनात्मकता, कौशल और नवाचार की प्रशंसा की।


### आरोग्य अमृत अवलेह रहा आकर्षण

जशपुर वनमण्डल द्वारा विकसित आयुर्वेदिक एवं वनोपज आधारित स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद ₹आरोग्य अमृत अवलेह₹ भी प्रदर्शनी का प्रमुख आकर्षण रहा। आगंतुकों ने इसके औषधीय गुणों, निर्माण प्रक्रिया तथा स्वास्थ्य लाभों के संबंध में जानकारी प्राप्त की और उत्पाद के प्रति विशेष रुचि दिखाई। जशपुर वनमण्डल की यह पहल वनाधारित आजीविका को सशक्त बनाने, स्थानीय संसाधनों के सतत एवं वैज्ञानिक उपयोग को बढ़ावा देने तथा महिला स्व-सहायता समूहों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है। महिला समूहों द्वारा तैयार किए जा रहे ये उत्पाद न केवल ग्रामीण एवं वनाश्रित परिवारों की आय में वृद्धि कर रहे हैं, बल्कि पारंपरिक ज्ञान, स्थानीय कला और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं।

## लग्जरी बस से गांजा तस्करी मामले में एनडीपीएस एक्ट के तहत हुई कार्रवाई

**बिश्रामपुर।** एनएच-43 पर सिलफिली के पास पकड़े गए करीब 8 क्विंटल 60 किलो गांजा तस्करी मामले में पुलिस ने गिरफ्तार किए गए छह महिला आरोपियों एवं एक बस चालक को शुक्रवार को सूरजपुर न्यायालय में पेश किया,पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट की धारा 20(बी)(ii)(सी) एवं 29 के तहत मामला दर्ज कर फरार आरोपियों की तलाश और मामले की विस्तृत जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार गुरुवार को नीलम कंपनी की लग्जरी सवारी बस क्रमांक सीजी 15 ईएच 4301 में गांजे को कपड़ों की गठरियों में छिपाकर तथा ऊपर बड़ी संख्या में झाड़ू रखकर कटनी ले जाया जा रहा था। बस में सवार संदिग्ध महिला-पुरुषों की गतिविधियों पर अंबिकापुर और सिलफिली के कुछ युवकों को संदेह हुआ, जिसके बाद उन्होंने बस का पीछा करते हुए डायल-112 को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस सक्रिय हुई और एनएच-43 पर बस का पीछा किया गया। इसी दौरान बस रुकते ही कई संदिग्ध मौके से फरार हो गए। बताया जाता है कि बस में 20 से 22 लोग सवार थे। बस चालक भी वाहन छोड़कर भाग निकला, हालांकि बाद में उसे गिरफ्तार कर लिया गया। बस में मौजूद छह महिलाओं को, जो अपने साथ छोटे बच्चों को भी लिए हुए थीं, स्थानीय युवकों और डायल-112 की टीम की मदद से सिलफिली स्थित दसवीं बटालियन परिसर लाया गया, जहां पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई की। गिरफ्तार आरोपियों में मध्यप्रदेश के कटनी और पन्ना जिलों की निवासी महिलाएं शामिल हैं। इनमें गोल झरनी (22), उनर बाई (22), रुजीना (25), अटरिया (32), अंट बाई (47) और पेहरी बाई (18) शामिल हैं।



# सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं : बिग बी

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन ने जिंदगी में आने वाली समस्याओं और उनसे डील करने को लेकर एक पोस्ट लिखा है, जो चर्चा में है। उनका कहना है कि समस्याओं को तुरंत ही सुलझाने की जरूरत नहीं, क्योंकि वो हमें परिस्थितियों की गहरी समझ, उनसे जुड़े ज्ञान और अनुभव को हासिल करने का अवसर लेकर आती हैं। वो हमें और भी समझदार और परिपक्व बना देती हैं। सीखने के लिए समस्या का होना जरूरी नहीं है, लेकिन अगर अगली बार ऐसी कोई समस्या आती है, तो न केवल उसके समाधान के लिए, बल्कि उससे जुड़ी हर संभावना को समझने के लिए तैयार रहना चाहिए। इससे पहले एक अन्य पोस्ट में उन्होंने बदलाव की अहमियत और उसे स्वीकारने के बारे में लिखा। साथ ही कहा कि आखिर में सबकुछ खत्म हो जाएगा, लेकिन हर चीज का अंत बदलाव का सामना किए बिना नहीं होगा। अमिताभ बच्चन ने लिखा, 'समस्याओं की एक अच्छी बात यह है कि वो बाद में भी समस्याएं ही रहेंगी। उनसे तुरंत निपटना जरूरी नहीं है। हर दिन कुछ न कुछ सीखने को मिलता है।.. और किसी न किसी समस्या के सामने आने से मन में एक तरह की बेचैनी पैदा होती है, जिससे उस समस्या का पूरा ज्ञान और समझ मिलती है।

लाइफ Style

# तमन्ना

## आध्यात्मिक जर्नी की दिखाई झलकियां

तमन्ना भाटिया ने अपने आध्यात्मिक जर्नी की झलकियां दिखाई हैं। पूजा-पाठ, मंत्रों की गूंज, श्रद्धा भाव और गुलाबी बनारसी साड़ी में लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा का आयोजन। इस दौरान तमन्ना ने जो महसूस किया, उसे शब्दों में बताने की भी कोशिश की है।

एजेंसी ▸▸ मुंबई

तमन्ना भाटिया ने स्पिरिचुअल जर्नी की जो कहानी सुनाई है, वो काफी लोगों को हैरान कर सकती है। तमन्ना ने अपने इंस्टाग्राम पर लिंग भैरवी देवी पुण्य पूजा की 9 झलकियां दिखाई हैं और इस पोस्ट के कैप्शन में इस डिवाइन फीलिंग को बयां किया है। उन्होंने अपने कैप्शन में बताया कि घर में दिनभर चली प्रार्थना, पूजा और पॉजिटिव एनर्जी का असर ऐसा था कि उन्हें लग रहा था जैसे वहां हर तरफ सब चीज बेहद खूबसूरत है। उन्होंने लिखा, 'सभी लोग जा चुके थे। मंत्रों का जाप शांत हो चुका था। पूजा पूरी हो चुकी थी। फिर भी मैं देवी के पास बैठी थी और चाहती थी कि बस ये दिन खत्म ही नहीं हो। उस जगह में अभी भी बहुत जीवंतता थी। एक ऐसे घर की एनर्जी, जहां दिन भर प्रार्थना, सेलिब्रेशन, हंसी, भक्ति और सबका साथ रहा। ऐसा लग रहा था मानो हवा में कोई खूबसूरत चीज अभी भी बसी हुई है, जो यहां से जाने से इनकार कर रही है।' कैप्शन में आगे कहा है, 'इस दिन को और भी खास बना दिया फैमिली, अपने और वे सभी लोग जो इस एक छत के नीचे इकट्ठा हुए थे। मैंने हमेशा महसूस किया है कि जब कोई इस तरह का आध्यात्मिक कार्य घर में होता है तो यह न केवल इसे आयोजित करने वालों को, बल्कि दरवाजे से अंदर आने वाले हर व्यक्ति को प्रभावित करती है।



हॉलीवुड मसाला



# आइस एज बॉइलिंग पॉइंट का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** आइकॉनिक झुंड के रोमांच के मचअवेटेड अगले अध्याय आइस एज: बॉइलिंग पॉइंट का बिल्कुल नया टीजर ट्रेलर और पोस्टर अब रिलीज हो चुका है। यह फिल्म 5 फरवरी 2027 को अंग्रेजी और हिंदी में केवल सिनेमाघरों में रिलीज होगी। मैमथ, सेबर-टूथ टाइगर, स्लॉथ और ढेर सारी प्रागैतिहासिक अफरा-तफरी से भरी दुनिया में लौटने के लिए तैयार हो जाइए! अब तक की सबसे लोकप्रिय एनिमेटेड फ्रेंचाइजी में से एक आइस एज आधिकारिक तौर पर आइस एज: बॉइलिंग पॉइंट के साथ बड़े पर्दे पर वापसी कर रही है, और इसका उत्साह लगातार बढ़ता जा रहा है। टीजर में मैनी (आवाज: रे रोमानो), डिएगो (आवाज: डेनिस लेरी), सिड (आवाज: जॉन लेगुइज़ामो), बक (आवाज: साइमन पेग) और एली (आवाज: क्वीन लतीफा) एक बार फिर साथ नजर आते हैं।



# एक्शन और विजुअल्स बने 'ही मैन' की सबसे बड़ी ताकत

**नई दिल्ली।** फैंटेसी और एडवेंचर फिल्मों के शौकीनों के लिए 'ही मैन एंड द मास्टर्स ऑफ द यूनिवर्स' एक शानदार सिनेमेटिक एक्सपीरियंस लेकर आई है। जिसमें शानदार एक्शन तो है ही। साथ में इमोशन से भरपूर लम्हे, हाई लेवल के ग्राफिक्स और ऐसी दुनिया जो एक अलग ही लेवल की लाइफ को बयां करती हैं। फैन्स काफी समय से इस फिल्म फिल्म का इंतजार कर रहे थे। और, ये कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म ने आते ही उन्हें नॉस्टेलजिक कर दिया है। फिल्म से जुड़े शुरुआती रिस्पॉन्स के मुताबिक फिल्म दर्शकों को थिएटर में बांधे रखने में कामयाब हो रही है। खास तौर पर इसकी विजुअल क्वालिटी और क्लाइमैक्स सीक्वेंस बड़े पर्दे के लिए तैयार किए गए ही लगते हैं। जो दर्शकों को रोमांचित करते हैं। फिल्म समीक्षक रमेश बाला ने इस फिल्म को पांच में से 3.5 स्टार्स दिए हैं। उन्होंने ट्वीट में लिखा कि ये एक सॉलिड एक्शन पेक्ड एंटरटेनर है। जो नॉस्टेलजिया से भरपूर है। जिसकी वर्ल्ड बिल्डिंग भी खासी इंप्रेसिव है। उनके मुताबिक फिल्म के एक्शन सीक्वेंस ही इसकी जान है। जिनके जरिए ही मैन की दुनिया को बड़े पर्दे पर काफी लार्ज तरीके से और खूबसूरती के साथ पेश किया गया है।



# पेड्डी का 135 करोड़ का धमाका सारी फिल्में हो गईं चित

**नई दिल्ली।** 'पेड्डी' इस साल मच-अवेटेड फिल्म में से एक है। फिल्म सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है, जिसमें राम चरण, जाह्नवी कपूर, शिवा राजकुमार, जगपति बाबू, दिव्येंदु, बोमन ईरानी और रवि किशन जैसे कलाकार मुख्य भूमिका में हैं। अब रिलीज होने के साथ ही राम चरण की फिल्म 'पेड्डी' ने थिएटर्स में तूफान ला दिया है। हिम्मत, जज्बे और दिल छू लेने वाली कहानी को देखने के लिए थिएटर्स में भारी भीड़ उमड़ रही है। अब 'पेड्डी' के पहले दिन का बॉक्स ऑफिस कलेक्शन सामने आ गया है। मेकर्स की ओर से मिली जानकारी के अनुसार 'पेड्डी' ने अपने पहले दिन दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर 135.36 करोड़ रुपए से ज्यादा का ग्रॉस कलेक्शन कर लिया है। जिससे यह इस साल की सबसे बड़ी ओपनिंग करने वाली फिल्मों में से एक बन गई है।



# फहलाज मेरी नींव के पत्थर थे : गोविंदा

**मुंबई।** गोविंदा ने पहलाज निहलानी को अंतिम विदाई देने के बाद मीडिया से बात की और बताया कि प्रोड्यूसर ने ही उन्हें गरीबी से बाहर निकाला था। गोविंदा को पहलाज निहलानी ने साल 1986 में आई फिल्म इल्जाम से बॉलीवुड में लॉन्च किया था। इसके बाद उन्होंने एक्टर संग शोला और शबनम और आंखें के अलावा कई और फिल्में बनाईं। जब गोविंदा की पहली फिल्म हिट हुई थी, तो उन्होंने एक साथ 49 फिल्में साइन कर ली थीं। एक मैगजीन ने तो तब गोविंदा को 'सोने के अंडे देने वाली मुर्गी' बता दिया था। गोविंदा ने पहलाज निहलानी को याद करते हुए कहा, पहलाज निहलानी, हमारी नींव के पत्थर थे। माई और मुझ जैसे कलाकार जो गरीबी के दौर से ऊपर आए, उसमें हमें आपका सहयोग रहा। गोविंदा ने फिर आगे कहा, 'मैं पूरे सिंधी समाज को और पहलाज जी को प्रणाम करता हूं।

टीवी मसाला



# 'भाबीजी घर पर हैं 2.0' हुआ फ्लॉप, विभूति ने जताई थी आपत्ति

**नई दिल्ली।** आसिफ शेख टेलीविजन के साथ फिल्मों में भी काम करने को लेकर जाने जाते हैं। उनको असली पहचान शो भाबीजी घर पर हैं से मिली थी। इस शो में उन्होंने विभूति नारायण मिश्रा का किरदार निभाया था। अगर उनके कॅरियर की बात करें तो उन्होंने साल 1984 में टीवी शो हम लोग से शुरुआत की थी। इसके अलावा एक्टर काफी बड़ी फिल्मों में नजर आए, जिसमें करण अर्जुन, भारत जैसी तमाम फिल्मों के नाम शामिल हैं। रिपोर्ट के अनुसार उनका नाम शो में 300 से अधिक किरदार निभाने के लिए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड्स-लंदन में भी दर्ज किया गया है। बीते दिनों शो भाभी जी घर पर हैं 2.0 दर्शकों के बीच में आया। इस प्रोजेक्ट से दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं। लेकिन, शो दर्शकों के बीच कोई खास जगह नहीं बना पाया। हाल ही में एक्टर ने इस शो से जुड़ी शेयर की और अपना दुख जाहिर किया। उन्होंने कहा कि इस शो में जो फैब्रिक था, वो पूरा बदल गया था। मैं भी इसके पक्ष में नहीं था। शो का क्या मतलब रहा? मैं ऐसा पहला इंसान हूं, जिसने इस शो में यह फैब्रिक बदलने का विरोध किया। लेकिन ये ऊपर से ऑर्डर्स आए थे, इसलिए मैं भी कुछ नहीं कर पाया। पुराने शो में आपने देखा कि कैसे विभूति दूसरे घर में जाकर भाभी जी से मजाक करता है। आपने यह पूरा फैब्रिक ही चेंज कर दिया। एक्टर ने आगे कहा कि शो में मेरा लीड किरदार था।

## 41 साल पुराने सीरियल रजनी की वापसी

**नई दिल्ली।** बात 1985 की है। इस साल दूरदर्शन पर एक शो आया था जिसका नाम था 'रजनी'। इस शो में एक हाउसवाइफ होती है जिसका ऊसूल होता है कि कोई भी चीज वो हर कसौटी पर कसकर खरीदती है। फिर वो चाहे घर का सामान हो या फिर गैस का सिलेंडर। रजनी का ये किरदार प्रिया तेंदुलकर ने



निभाया था, जबकि इसके डायरेक्टर करण राजदान थे। अब 'रजनी 2.0' की दूरदर्शन पर वापसी हो रही है। डायरेक्टर करण राजदान ने शो के बारे में कहा कि 'रजनी' पहले भी दूरदर्शन पर आता था। दूरदर्शन ने मुझे इसके अगला पार्ट बनाने के लिए ऑफर दिया। हालांकि, एक बड़े चैनल को भी मैंने यह आइडिया सुनाया था। उनको भी काफी पसंद आया। सबसे बड़ी बात यह है कि उनका कहना था कि 'रजनी 2.0' में 2 एपिसोड्स में पूरा केस सॉल्व कैसे कर सकती है? मैं कहता हूं कि आज के समय हमारे देश में ऐसी धाराएं आ गई हैं जो हाल ही कंज्यूमर की प्रॉब्लम सॉल्व करती हैं। इस शो को डीडी नेशनल पर देखा जा सकेगा। डायरेक्टर ने आगे बताया कि आज के समय आप अपना खुद का केस कंज्यूमर कोर्ट में जाकर लड़ सकते हो। आपको किसी की जरूरत नहीं है। यह बात मैं लोगों तक पहुंचाना चाहता था।

द इंडिया स्टोरी का टीजर रिलीज

# दूध और खाने में मिलावट अस्पताल में तड़पते लोग



**मुंबई।** काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की अदाकारी से सजी अपकमिंग फिल्म 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर रिलीज हो गया है। इस फिल्म की कहानी थोड़ी अलग होने वाली है। इसमें खाने पीने की चीजों में मिलावट और खेती में केमिकल के गलत इस्तेमाल पर प्रकाश डाला गया है। टीजर में फिल्म की झलक की दिखी है। एक मिनट 26 सेकंड के टीजर में देखा जा सकता है कि तरबूज में इंजेक्शन लगाया जा रहा है। दूध और पनीर में मिलावट की जा रही है। इसी तरह से फसल में कीटनाशक का इस्तेमाल किया जा रहा है। टीजर में दिखाया गया है कि मिलावटी और जहरीला खाना खाने से लोग बीमार पड़ रहे हैं और अस्पताल के चक्कर काट रहे हैं। टीजर में किसी भी मुख्य कलाकार को नहीं दिखाया गया है। इसमें डेटा खाने पीने में मिलावट की तस्वीरें और वीडियो दिखाई गई हैं। टीजर के आखिर में बताया गया है कि फिल्म 24 जुलाई को रिलीज होगी। इसके निर्देशक चेतन डीके होंगे। 'द इंडिया स्टोरी' का टीजर एक ऐसी कहानी की झलक देता है, जिसमें आज के मद्दे होंगे। इसमें दिखाया जाएगा कि खाने-पीने की चीजों में कैसे मिलावट की जाती और यह हमें कैसे बीमार कर रहा है। यह फिल्म लोगों को सोचने पर मजबूर करेगी और जागरूक करेगी।

# गोलमाल 5 में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ होगा हॉरर-कॉमेडी का तड़का



**मुंबई।** रोहित शेट्टी की सुपरहिट 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म यानी 'गोलमाल 5' को लेकर काफी समय से चर्चा है। फैंस फिल्म की अनाउंसमेंट के वक्त से ही इसे लेकर क्रेजी हैं। 'गोलमाल 5' में अक्षय कुमार भी हैं और उनकी एंट्री ने फैंस की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है। इस बीच 'गोलमाल 5' की कहानी से लेकर स्टारकास्ट और किरदारों के बारे में अहम जानकारी सामने आई है। इस बार कहानी में सुपरनैचुरल एलिमेंट के साथ हॉरर-कॉमेडी का तड़का भी होगा। साथ ही रणवीर सिंह की भी एंट्री की खबरें हैं। 'गोलमाल 5' के पहले शेड्यूल की शूटिंग पूरी हो चुकी है। इसे ऊटी में शूट किया गया था। अब अगला बड़ा शेड्यूल जुलाई में शुरू होगा। इसे मुंबई में शूट किया जाएगा, जिसकी तैयारियां जोरों-शोरों से चल रही हैं। इस बार फिल्म की कहानी बेशक हॉरर कॉमेडी और सुपरनैचुरल बताई जा रही है, पर गोवा भी इसका अहम हिस्सा बनेगा। 'गोलमाल 5' में अजय देवगन, अरशद वारसी, श्रेयस तलपड़े, कुणाल खेमू और तुषार कपूर तो हैं ही, पर इस बार अक्षय कुमार की भी एंट्री हुई है। बताया जा रहा है कि फिल्म में उनका किरदार 'हाउसफुल 4' के बाला से इंस्पायर्ड हो सकता है। उनकी एंट्री 'गोलमाल 5' में या तो मेन विलेन या फिर नेगेटिव रोल में होगी। उन्हें 'गोलमाल 5' में तमिलनाडु के एक बादशाह के रूप में दिखाया जाएगा। वहीं, 'गोलमाल 5' के किरदारों को लेकर भी जानकारी मिली है। 'गोलमाल' फ्रेंचाइज की पहले पार्ट में शरमन जोशी, अजय देवगन की टीम का हिस्सा थे, पर बाद में वह इस फ्रेंचाइज से अलग हो गए थे।

## बिहाइंड हर आइज का अंत देखकर पैरों तले खिसक जाएगी जमीन

# वो साइकोलॉजिकल हॉरर, जिनमें डराता है इंसानी दिमाग का पागलपन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

अगर आपको साइकोलॉजिकल हॉरर थ्रिलर्स पसंद हैं, तो आपको इन फिल्मों और सीरीज की लिस्ट देखनी चाहिए। लिस्ट में टॉक टू मी, द बाबाडूक और सेंट मॉड जैसी फिल्में शामिल हैं, जो मानसिक बीमारी, दुख और धार्मिक उन्माद को डरावने रूप में दिखाती हैं। इसके अलावा, वेब सीरीज'बिहाइंड हर आइज अपने अनोखे ट्विस्ट और क्लासिक फिल्म मिजरी एक जुनूनी फैन के खौफनाक पागलपन को बखूबी बयां करती है।

**शैतान (2024):** इस लिस्ट में बॉलीवुड की फिल्म 'शैतान' भी अपनी जगह बनाती है, जो माता-पिता के सबसे बड़े डर को पर्दे पर लाती है। एक हंसता-खेलता परिवार वीकेंड मनाने बाहर जाता है, लेकिन उनकी जिंदगी तब नरक बन जाती है, जब एक अजनबी उनकी जवान बेटी को अपने वश में कर लेता है। वह लड़की उस आदमी के सम्मोहन में आकर अपने ही माता-पिता पर क्रूर अत्याचार करने लगती है, जिसे देख किसी की भी रूह कांप जाए।

**द बाबाडूक (2014):** यह फिल्म सिर्फ एक मॉन्स्टर की कहानी नहीं है, बल्कि इंसानी दिमाग के गहरे खालीपन को दिखाती है। कहानी एक अकेली मां और उसके बेटे की है, जो बच्चों की एक किताब से निकले अजीब और डरावने राक्षस 'बाबाडूक' के साए से परेशान हैं। यह कमाल की ऑस्ट्रेलियाई फिल्म असल में किसी भूत-प्रेत से ज्यादा, एक मां के पुराने दुख, तन्हाई और डिप्रेशन के खौफनाक रूप को पर्दे पर बेहद संजीदगी और डर के साथ पेश करती है।



**सेंट मॉड (2020):** अगर आप धीरे-धीरे बढ़ने वाले सस्पेंस के दीवाने हैं, तो आपको 'सेंट मॉड' बिल्कुल मिस नहीं करनी चाहिए। इसमें एक अकेली और बेहद धार्मिक हॉस्पिस नर्स की कहानी है, जो अपनी एक नास्तिक मरीज की आत्मा को बचाने के जुनून में इस कदर अंधी हो जाती है कि सही और गलत का फर्क भूल बैठती है। यह फिल्म मानसिक बीमारी, तन्हाई और धार्मिक उन्माद के खतरनाक तालमेल को बहुत ही खौफनाक अंदाज में दिखाती है।

**भूतकालम (2022):** मलयालम सिनेमा की बेहतरीन साइकोलॉजिकल फिल्म आपको सोचने पर मजबूर कर देगी। घर में एक मौत के बाद एक मां और उसका बेटा डिप्रेशन से जूझते हुए अपने किराए के मकान में कुछ बेहद डरावनी और अजीब घटनाओं का सामना करते हैं। फिल्म की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यह अंत तक दर्शकों को उलझाए रखती है कि जो कुछ हो रहा है, वह वाकई कोई भूत है या फिर उनके दिमाग का वहम।

**तुम्बाड (2018):** भारतीय सिनेमा की सबसे बेहतरीन हॉरर फिल्मों में गिनी जाने वाली 'तुम्बाड' इंसानी लालच की एक अनोखी और डरावनी लोककथा है। कहानी एक ऐसे आदमी की है, जिसकी सोने के खजाने को पाने की भूख उसे एक श्रापित देवता की अंधेरी कोख तक ले जाती है। यह फिल्म सिर्फ डराती नहीं है, बल्कि यह दिखाती है कि कैसे इंसान का अपना ही लालच उसके लिए सबसे बड़ा और सबसे भयानक राक्षस बन जाता है।

**बिहाइंड हर आइज (2021):** अगर आपको मिनीसीरीज देखना पसंद है, तो 'बिहाइंड हर आइज' एक परफेक्ट साइकोलॉजिकल थ्रिलर है। कहानी एक सिंगल मदर के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने बॉस के साथ अफेयर में पड़ जाती है और साथ ही उसकी रहस्यमयी पत्नी से भी दोस्ती कर लेती है। तीन लोगों का यह अजीब लव ट्रायंगल धीरे-धीरे ऐसे डार्क सीक्रेट्स खोलता है, जिसका अंत देखकर आपके पैरों तले जमीन खिसक जाएगी।

**मिजरी (1990):** मशहूर लेखक स्टीफन किंग के नॉवेल पर बनी क्लासिक फिल्म एक जुनूनी फैन के डरावने रूप को दिखाती है। एक जाने-माने लेखक की कार का एक्सीडेंट हो जाता है, जिसके बाद उसकी जान उसकी 'नंबर वन फैन' बचाती है। लेकिन, यह सेवा जल्द ही एक भयानक कैद में बदल जाती है, जब उस फैन का पागलपन सामने आता है। यह फिल्म आपको शुरू से अंत तक सीट से बांधकर रखेगी।

## खबर संक्षेप

### सोमा ठाकुर को सारंगढ़ बीईओ का प्रभार

**बरमकेला।** शिक्षा के क्षेत्र में अपने समर्पण, प्रशासनिक दक्षता और उत्कृष्ट कार्यशैली के लिए पहचान रखने वाली श्रीमती सोमा सिंह ठाकुर को सारंगढ़ बीईओ का दायित्व सौंपा गया है। उनके इस पद पर नियुक्त होने से शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों एवं शिक्षा से जुड़े लोगों में उत्साह का माहौल है। माना जा रहा है कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ सारंगढ़ विकासखंड की शैक्षणिक व्यवस्था को मिलेगा तथा विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा मिलेगा। सोमा ठाकुर का चयन 2014 में छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक विकास खंड शिक्षा अधिकारी के पद पर हुआ था। चयन उपरांत उनकी प्रथम पदस्थापना जिला बलौदाबाजार भाटापारा के सिमगा ब्लॉक में हुई। यहां उन्होंने लगभग पांच वर्षों तक शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं के क्रियान्वयन, विद्यालयों के निरीक्षण, शैक्षणिक गतिविधियों की निगरानी तथा प्रशासनिक कार्यों का सफलतापूर्वक निर्वहन किया।



### वन विभाग के खिलाफ कांग्रेस करेगी आंदोलन

**सरसीवा।** सरसीवा से लगभग 30 किलो मीटर दूर बिलाईगढ़ विधानसभा के अंतर्गत वनांचल के नाम से प्रसिद्ध, सोनाखान तहसील के वन परिक्षेत्र बार नवापारा, कोठारी, देवपुर, अर्जुनी, सोनाखान आदि कई क्षेत्र में जंगली जानवरो का भयंकर खौफ विद्यमान है। आम जन दहशत में है, सुबह शाम घर से निकलना दूभर होते जा रहा है, फिर भी वन विभाग कोई स्थाई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। जिससे आम जन में नाराजगी व्याप्त है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक ने मीडिया को बताया किए यहां के भोले भाले आम जन आए दिन जंगली जानवरो के शिकार हो रहे है, और मौत के मुंह में जा रहे है, पिछले दिवस ग्राम दोन्द निवासी जरहू राम की हाथी के हमले से मौत हो गई, गजराडीह निवासी देवेंद्र साहू की वनभैंसा के हमले से मौत हो गई। मुरुमडीह निवासी पंच बाई गोंड को आज हॉस्पिटल में भर्ती कराकर परिवार वालों के द्वारा इलाज कराया जा रहा है, ऐसे कई घटना हम सबके सामने घटित हे फिर भी शासन-प्रशासन वन विभाग, लापरवाही के ऊपर लापरवाही बरत रहा हैए कोई स्थाई ठोस कदम नहीं उठा रही है, जिससे आम जन दहशत में है, परेशान है, नाराज है। इस प्रकार के कई अप्रिय घटना को ध्यान में रखकर एवं विभाग की उदासीन रवैया को देखते हुए ब्लॉक कांग्रेस कमेटी सोनाखान के अध्यक्ष युधिष्ठिर नायक अपने तमाम साथियों के साथ आंदोलन की तैयारी में है।

### आईटीआई लैलूंगा में 15 तक आवेदन

**रायगढ़।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था लैलूंगा जिला.रायगढ़ में सत्र 2026-27 और 2026-28 के लिए प्रवेश प्रारंभ हो गए हैं। संस्था में संचालित विभिन्न व्यवसायों में ऑनलाइन आवेदन 15 जून तक पर कर सकते है। अधिक जानकारी के लिए संस्था के मार्गदर्शन केंद्र से संपर्क कर सकते है।

### ऋण स्वीकृति से किसानों को मिला आर्थिक संबल

# तारापुर सुशासन तिहार शिविर में किसानों को मिला केसीसी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

सुशासन तिहार के अंतर्गत रायगढ़ विकासखंड के तारापुर क्लस्टर में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर किसानों एवं ग्रामीणों के लिए लाभकारी साबित हुआ।

संवाद से संपूर्ण समाधान थीम पर आयोजित इस शिविर में 21 ग्राम पंचायतों के ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं मांगों एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं के लाभ के लिए कुल 1383 आवेदन प्रस्तुत किए। शिविर का स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया तथा प्राप्त आवेदनों के संवेदनशील एवं समयबद्ध निराकरण के निर्देश दिए गए। शिविर में कृषि एवं ग्रामीण विकास से जुड़ी



21 ग्राम पंचायतों के 1383 आवेदनों पर हुई सुनवाई

योजनाओं पर विशेष फोकस रहा। किसान क्रेडिट कार्ड केसीसी योजना के तहत पांच किसानों को तीन लाख रुपये से अधिक की ऋण स्वीकृति प्रदान की गई, जिससे उन्हें खेती.किसानी के लिए आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध होगी। वहीं प्राकृतिक खेती और मृदा स्वास्थ्य संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चार किसानों को हरी खाद के बीज वितरित किए गए। कृषि विभाग द्वारा किसानों को खरीफ सीजन की तैयारी, मृदा उर्वरता बढ़ाने तथा रासायनिक उर्वरकों के संतुलित उपयोग के संबंध में भी जानकारी दी गई। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत समय.सीमा में गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण पूर्ण करने वाले पांच हितग्राहियों को आवास की चाबी एवं उपहार प्रदान कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान अन्य हितग्राहियों को भी समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निर्माण के लिए प्रेरित करने वाला रहा। शिविर में दो वरिष्ठ नागरिकों को वॉकिंग स्टिक प्रदान की गई। कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले भावेश, टेलेस, जोगेंद्र, तुषार, जितेंद्र एवं खगेश्वरी को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसके अलावा छह छात्राओं को एचपीवी वैक्सीनए पांच हितग्राहियों को राशन कार्डए दो हितग्राहियों को डबरी निर्माण के स्वीकृति पत्र तथा दो किसानों को किसान सम्मान निधि के चेक प्रदान किए गए। श्रम विभाग द्वारा आठ श्रमिकों के श्रम कार्ड बनाए गए। शिविर में आधार कार्डए महतारी वंदन योजना की ई.केवाईसी, आयुष्मान कार्ड निर्माण एवं स्वास्थ्य जांच जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई गईं। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में ग्रामीणों को योजनाओं की जानकारी एवं आवश्यक सेवाएं प्रदान की गईं। इस अवसर पर जनपद पंचायत अध्यक्ष सुजाता सुकलाल चौहान, उपाध्यक्ष रामश्याम डनसेना, गौरीशंकर पटेल, अंजू पटेल, शिव कुमारी, सोहन चौधरी, नंदिनी प्रीतेश सहित विभिन्न ग्राम पंचायतों के सरपंच, जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## स्कूली विद्यार्थियों को कराया गया एमआरएफ सेंटर और एफएसटीपी का शैक्षणिक भ्रमण



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं वैज्ञानिक अपशिष्ट प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप विद्यार्थियों को अनुभवात्मक शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से नगर पंचायत बरमकेला द्वारा पीएमश्री स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय बरमकेला के छात्र-छात्राओं का मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी एमआरएफ सेंटर एवं फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट एफएसटीपी का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया।

इस दौरान विद्यार्थियों ने ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली को प्रत्यक्ष रूप से देखा और महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। भ्रमण के दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी दीपक कुमार विश्वकर्मा ने विद्यार्थियों को नगर पंचायत की स्वच्छता व्यवस्था तथा अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बढ़ती जनसंख्या और शहरीकरण के कारण अपशिष्ट प्रबंधन एक बड़ी चुनौती बन गया है। कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन पर्यावरण एवं जनस्वास्थ्य की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने विद्यार्थियों को 4.स्ट्रीम कचरा पृथक्करण के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि गीला कचराए सूखा कचराए घरेलू खतरनाक अपशिष्ट एवं स्वच्छता अपशिष्ट को अलग.अलग संग्रहित किया जाता है। इससे कचरे के पुनर्चक्रण और सुरक्षित निस्तारण में सुविधा होती है। एमआरएफ सेंटर में विद्यार्थियों ने देखा कि घरों, दुकानों और संस्थानों से प्राप्त सूखे कचरे की किस प्रकार छंटाई कर पुनर्चक्रण योग्य सामग्री को अलग किया जाता है।

## सुशासन तिहार मड़कड़ी समाधान शिविर में हितग्राहियों को मिला सामग्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़

सुशासन तिहार के अंतर्गत बिलाईगढ़ जनपद क्षेत्र के अंतिम ग्राम पंचायत मड़कड़ी में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जनप्रतिनिधियों द्वारा पूजा-अर्चना के साथ किया गया। शिविर में मड़कड़ी सहित आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए और शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त करने के साथ-साथ अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए।



शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां जिला स्तरीय अधिकारियों ने ग्रामीणों को विभागीय योजनाओं की जानकारी दी। कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू एवं जनप्रतिनिधियों ने सभी विभागीय स्टॉलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा आमजन की समस्याओं के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। शिविर में कुल 1627 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से कई आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया गया। प्राप्त आवेदनों में महतारी वंदन योजनाए प्रधानमंत्री आवास योजना, शौचालय निर्माण तथा अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े आवेदन प्रमुख रूप से शामिल रहे। शिविर को संबोधित करते हुए कलेक्टर पद्मिनी भोई साहू ने कहा कि मड़कड़ी में आयोजित यह समाधान शिविर अत्यंत सफल रहा है, जहां बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए हैं। उन्होंने कहा कि जिन आवेदनों का तत्काल निराकरण संभव हैए उनका मौके पर ही निराकरण किया जा रहा है तथा शेष आवेदनों पर नियमानुसार शीघ्र कार्रवाई की जाएगी। यह बिलाईगढ़ जनपद क्षेत्र का अंतिम समाधान शिविर है तथा जिले में अब तक सुशासन तिहार के अंतर्गत लगभग 22 हजार आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। इनमें से 19 हजार से अधिक आवेदनों को ऑनलाइन दर्ज किया जा चुका है और सभी आवेदनों के निराकरण की प्रक्रिया निरंतर जारी है।

### पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प

## टीआरएन एनर्जी भेंगारी में विश्व पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश

**घरघोड़ा।** पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के संकल्प को साकार करने के उद्देश्य से टीआरएन एनर्जी भेंगारी परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने पौधे रोपकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा अधिक से अधिक वृक्ष लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्लांट हेड प्रह्लाद प्रसाद ने कहा कि वर्तमान समय में पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। वृक्ष न केवल हमें शुद्ध वायु प्रदान करते हैं, बल्कि जल संरक्षण, जैव विविधता और प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

उन्होंने सभी कर्मचारियों एवं स्थानीय नागरिकों से पौधारोपण को जन आंदोलन बनाने की अपील की। अकाउंट हेड एचजी



गुप्ता ने कहा कि औद्योगिक विकास के साथ साथ पर्यावरण संरक्षण की जिम्मेदारी भी हम सभी की है। प्रत्येक व्यक्ति यदि प्रतिवर्ष एक पौधा लगाकर उसका संरक्षण करे तो आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण सुनिश्चित किया जा सकता है। प्लानिंग हेड दीपक संगानेरिया ने अपने संबोधन में कहा कि पौधारोपण केवल एक दिवस का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। लगाए गए पौधों की देखभाल और संरक्षण भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना उनका रोपण। एचआर एवं लायजन विभाग के अनुराग पटनायक ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण सामाजिक दायित्व है। वृक्ष पृथ्वी के प्राकृतिक आभूषण हैं और इनके संरक्षण से ही मानव जीवन सुरक्षित रह सकता है। उन्होंने कर्मचारियों को पर्यावरण जागरूकता के लिए प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे गए तथा उनके संरक्षण की जिम्मेदारी भी निर्धारित की गई। पूरे आयोजन में पर्यावरण संरक्षण, हरित ऊर्जा और स्वच्छ भविष्य को लेकर सकारात्मक संदेश दिया गया। उपस्थित कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने संकल्प लिया कि वे न केवल स्वयं पौधे लगाएंगे, बल्कि समाज को भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। यह पौधारोपण कार्यक्रम टीआरएन एनर्जी भेंगारी की पर्यावरण के प्रति प्रतिबद्धता और सामाजिक उत्तरदायित्व का उत्कृष्ट उदाहरण रहा, जिसने प्रकृति संरक्षण के संदेश को मजबूती प्रदान की।

## स्काई एलॉयज एंड पावर लिमिटेड में पौधरोपण एवं जागरूकता कार्यक्रम

**रायगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्काई एलॉयज एंड पावर लिमिटेड द्वारा 5 जून को पर्यावरण संरक्षण एवं हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक पौधरोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कंपनी के विभिन्न विभागों में एसएमएसए एसआईडी, रोलिंग मिल एवं पावर प्लांट में संयंत्र परिसर के भीतर तथा बाहरी क्षेत्रों में सघन पौधरोपण किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के वरिष्ठ अधिकारियों, विभागाध्यक्षों, कर्मचारियों एवं श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की तथा उनके संरक्षण एवं संवर्धन का संकल्प लिया। इस अवसर पर कंपनी के प्रबंध निदेशक विकास अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।




उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास और पर्यावरणीय संतुलन साथ-साथ चल सकते हैंए बशर्ते हम सभी अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। उन्होंने कर्मचारियों से आह्वान किया। प्रबंध निदेशक विकास अग्रवाल ने कह एक पौधा केवल हरियाली नहीं देता, बल्कि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ वायु, बेहतर स्वास्थ्य और सुरक्षित भविष्य प्रदान करता है। हमें पर्यावरण संरक्षण को अपनी कार्य संस्कृति और जीवनशैली का अभिन्न हिस्सा बनाना होगा। कार्यक्रम के दौरान संयंत्र परिसर के विभिन्न क्षेत्रों एवं बाहरी स्थलों पर बड़ी संख्या में पौधारोपण किया गया। कर्मचारियों ने पर्यावरण संरक्षण संबंधी संदेशों एवं नारों के माध्यम से जागरूकता फैलाने का भी प्रयास किया। स्काई एलॉयज एंड पावर लिमिटेड ने भविष्य में भी ऐसे पर्यावरणीय कार्यक्रमों को निरंतर जारी रखने तथा हरित एवं सतत विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को और अधिक सुदृढ़ बनाने का संकल्प व्यक्त किया।

## अदाणी पावर प्लांट परिसर में रोपे 350 पौधे

**रायगढ़।** विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर रायगढ़ स्थित अदाणी पावर लिमिटेड की ओर से पर्यावरण संरक्षण को लेकर हरित पर्यावरण अभियान की शुरुआत की गई। इस अवसर पर संयंत्र परिसर में 350 पौधों का रोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में रायगढ़ स्थित अदाणी पावर लिमिटेड के परियोजना प्रमुख, संचालन एवं अनुरक्षण प्रमुखए मानव संसाधन प्रमुख सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस गतिविधि के माध्यम से स्वच्छ एवं संतुलित पर्यावरण के प्रति संस्था की प्रतिबद्धता को आगे बढ़ाया गया। अदाणी पावर लिमिटेड द्वारा वित्तीय वर्ष 2026-27 के दौरान पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र के विस्तार के उद्देश्य से कुल 29,500 पौधों के रोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के साथ साथ स्थानीय लोगों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने में सहयोग मिलेगा। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस की थीम



प्रकृति से प्रेरितए जलवायु के लिए हमारे भविष्य के लिए निर्धारित की गई है। यह थीम प्रकृति आधारित उपायों के माध्यम से जलवायु परिवर्तन से निपटने के प्रयासों को दर्शाती है जिससे पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में सहायता मिलती है। कार्यक्रम के अंतर्गत पर्यावरण जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। उल्लेखनीय है कि अदाणी पावर लिमिटेडए रायगढ़ एक एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्त प्रमाणित संस्था है। इस अवसर पर अदाणी पावर लिमिटेड की सामाजिक दायित्व इकाई द्वारा परिधीय ग्रामों में भी पर्यावरण संरक्षण से संबंधित गतिविधियाँ आयोजित की गईं। सुपा स्थित अदाणी कौशल विकास केंद्र एवं वस्त्र निर्माण एवं उत्पादन केंद्र में पौधारोपण के साथ-साथ विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं नारा लेखन प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें लगभग एक सौ छात्रों ने भाग लिया। छात्रों ने धरती, पेड़ पौधों और जलवायु परिवर्तन जैसे विषयों पर चित्रों के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों को जूट के थैले वितरित किए गए, जिससे पर्यावरण संरक्षण को लेकर व्यवहारिक संदेश दिया गया। इस पूरी पहल में महिला स्वयं सहायता समूहों तथा अदाणी कौशल विकास केंद्र की सक्रिय भागीदारी रही, जिससे पर्यावरण जागरूकता का संदेश व्यापक स्तर तक पहुंचा।

## वित्त मंत्री ने लिया निर्माण का जायजा, आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित होगा रायगढ़ प्रेस क्लब भवन

**रायगढ़।** प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने डिग्री कॉलेज रोड स्थित निर्माणाधीन प्रेस क्लब भवन का निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भवन निर्माण में पत्रकारों की व्यावसायिक आवश्यकताओं, आधुनिक तकनीकी सुविधाओं तथा भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए कार्य किया जाए।



निरीक्षण के दौरान वित्त मंत्री श्री चौधरी ने भवन के ड्राइंग.डिजाइन, लेआउट, सभाकक्ष, कमरों की संख्या तथा प्रस्तावित सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने कहा कि प्रेस क्लब केवल एक भवन नहीं बल्कि संवादए विचार.विमर्श और अभिव्यक्ति का महत्वपूर्ण मंच होता है। इसलिए भवन का निर्माण ऐसा होना चाहिए जो पत्रकारों को बेहतर कार्य वातावरण उपलब्ध कराने के साथ.साथ विभिन्न आयोजनों के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि प्रेस कॉन्फ्रेंस, सेमिनार और अन्य कार्यक्रमों को ध्यान में रखते हुए भवन में साउंड प्रूफिंग, आधुनिक ऑडियो.वीडियो सुविधाएं, व्यवस्थित बैठक व्यवस्था तथा आवश्यक तकनीकी संसाधनों का समावेश किया जाए। साथ ही भवन की संरचना ऐसी हो जो लंबे समय तक टिकाऊए सुविधाजनक और उपयोगी बनी रहे। वित्त मंत्री श्री चौधरी ने निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता के साथ समयबद्ध तरीके से कार्य पूर्ण करने के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि रायगढ़ प्रेस क्लब भवन पत्रकारों के लिए एक बेहतर कार्यस्थल के रूप में विकसित होगा। जहां संवादए विमर्श और जनसरोकारों से जुड़े विषयों पर प्रभावी गतिविधियां संचालित की जा सकेंगी। उल्लेखनीय है कि वित्त मंत्री चौधरी ने गत 2 मई को वार्ड क्रमांक 27 में प्रस्तावित अत्याधुनिक प्रेस क्लब भवन का भूमिपूजन एवं शिलान्यास किया था।

### स्लोगन प्रश्नोत्तरी और पेंटिंग स्पर्धा का आयोजन

## एमएसपी में लिया गया एक पेड़ मां के नाम का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर एमएसपी स्टील एंड पावर लिमिटेड परिसर में पौधरोपण का कार्यक्रम कर एक पेड़ मां के नाम के संकल्प को सभी कर्मचारियों द्वारा दोहराया गया। इस अवसर पर उद्योग परिसर के अलावा स्कूलों व जनमानस के बीच भी पर्यावरण संरक्षण के प्रति चेतना जागृत करने का प्रयास किया गया। आसपास के स्कूल के बच्चों के द्वारा पर्यावरण स्लोगन व पर्यावरण संरक्षण विषय पर पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

एमएसपी प्लांट परिसर में अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा पौधरोपण किया गया। इस अवसर




पर कंपनी के प्रेसीडेंट वीरसेन सिंह ने पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न आयामों में कार्य करने के लिए सभी को सलाह दी। उन्होंने कार्बन डाइआक्साइड के उत्सर्जन को सतत रुप से कैसे कम किया जाय उस पर विस्तृत चर्चा की। इसके अतिरिक्त आनंद तिवारी व अक्षय बारिक ने बढ़ते हुए प्लास्टिक प्रदूषण से बचने व सभी को अपनी ओर से छोट-छोटे प्रयास करने के लिए उत्साहित किया। इस अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विषय पर आयोजित स्लोगन, प्रश्नोत्तरी व पेंटिंग प्रतियोगिता के सभी विजेताओं को पुरस्कार वितरित किया गया, विषेष रुप से स्कूल के बच्चों को जो आगे की पीढ़ी के ध्वज वाहक होंगे उनका भी उत्साह वर्धन किया गया। पर्यावरण विभाग की ओर से विभाग प्रमुख डा. संजय परिहार के द्वारा परिसर में पिछले सालों में पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों व भविष्य में क्या करना है इस पर प्रकाश डाला गया।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन : 07752-402070, 228277,
मो. : 9826190123, 9669979123

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त